# प्रसार भारती

## भारतीय प्रसारण निगम

## आकाशवाणी केन्द्र शिमला

## 06.06.2026 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे

**''आज के मुख्य समाचार''**

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–ईमानदारी व पारदर्शिता के साथ जनता की सेवा कर रही है राज्य सरकार।

- मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सभी नागरिकों से लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त बनाने और चुनावों में उत्साहपूर्वक भाग लेने का किया आह्वान।

- प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक आज शिमला में–लिए जा सकते हैं कई महत्वपूर्ण निर्णय।

- राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने शिवा परियोजना के तहत 5 सौ 86 हैक्टेयर क्षेत्र की पहचान कर 10 जून से पहले कार्य पूरा करने के अधिकारियों को दिए निर्देश।

- लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने पंजाब में हिमाचल के वाहनों से वसूले जा रहे खालसा टैक्स को गलत बताया।

---

### मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिमला के निकट पोआबो गांव में वन विभाग द्वारा लगभग पांच करोड़ रूपए की लागत से विकसित कमियाना हिल्ल टॉप नेचर ट्रेल के प्रथम चरण का लोकार्पण किया। करीब आठ हैक्टेयर क्षेत्र में फैली इस परियोजना में अढाई किलोमीटर लंबा प्रकृति पथ विकसित किया गया है, जिसका उद्देश्य पर्यावरण जागरूकता, प्रकृति के प्रति रूचि, जैव विविधता संरक्षण व सतत पर्यटन को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ईमानदारी, पारदर्शिता व जनभावना की सेवा से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र में वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत स्वीकृत 16 सड़कों के निर्माण के लिए पांच करोड़ 20 लाख रूपए देने की घोषणा भी की।

---

### चुनाव आयुक्त

देश के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा है कि लोकतंत्र की मजबूती मतदाताओं की जागरूकता और सहभागिता पर निर्भर करती है। धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने सभी नागरिकों से लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त बनाने और चुनावों में उत्साहपूर्वक भाग लेने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि शुद्ध मतदाता सूची ही पारदर्शिता चुनाव का आधार है और इस सूची में अनुपस्थित, डुप्लीकेट, मृत व विदेशी का कोई स्थान नहीं होना चाहिए। उन्होंने लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रदेश के मतदाताओं का आभार भी जताया।

---

**<u>मंत्रिमंडल बैठक</u>**

प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक आज शिमला में होगी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में कर्मचारियों व पेंशनरों से जुड़े विभिन्न लंबित मामलों पर चर्चा संभावित है। इसके अलावा विभिन्न विभागों में खाली पदों को भरने व सृजित करने पर भी बैठक में निर्णय लिए जाने की संभावना है। मंत्रिमंडल की इस बैठक में मुख्यमंत्री द्वारा की गई बजट घोषणाओं को भी स्वीकृति मिल सकती है।

---

**<u>शिवा परियोजना</u>**

प्रदेश में एचपी शिवा परियोजना के पहले चरण में लगभग 3 हजार 83 हैक्टेयर क्षेत्र को अंतिम रूप दिया गया है, जिस पर कार्य जारी है। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने शिमला में आयोजित इस परियोजना के दूसरे चरण की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए बताया कि दूसरे चरण के लिए सात जिलों में करीब 3 हजार हैक्टयेर क्षेत्र का चयन किया जाना है जिसमें से 2 हजार 4 सौ 14 हैक्टेयर क्षेत्र का मूल्यांकन किया जा रहा है और लगभग 5 सौ 86 हैक्टेयर क्षेत्र की कमी पाई गई है। उन्होंने अधिकारियों को 10 जून से पहले 5 सौ 86 हैक्टेयर क्षेत्र की पहचान कर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

---

**भूकंप**

कांगड़ा व चंबा सहित प्रदेश के कई क्षेत्रों में बीती रात दस बजे के बाद भूकंप के तीन झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5 दशमलव शून्य मापी गयी है और इसका केंद्र 32 दशमलव दो–आठ–नौ डिग्री उत्तरी अक्षांश व 76 दशमलव चार–तीन–चार डिग्री पूर्वी देशांतर पर मात्र पांच किलोमीटर की कम गहराई पर स्थित था। हालांकि इस भूकंप से किसी भी प्रकार के जानमाल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। हमारे चंबा जिला संवाददाता ने बताया कि भूकंप के तीन झटकों से लोग सहम गए।

---

**<u>विक्रमादित्य</u>**

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने पंजाब में हिमाचल के वाहनों से वसूले जा रहे खालसा टैक्स को गलत बताया है। शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि हिमाचल और पंजाब की सरकारों को इस विषय पर बातचीत कर समाधान निकालना चाहिए। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के हितों का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए क्योंकि दोनों राज्यों के नागरिकों का आपसी संपर्क और आवाजाही लगातार बनी रहती है।

--------------------------------------------------------------------

**शपथ ग्रहण**

शिमला जिला में पंचायती राज संस्थाओं के नव–निर्वाचित प्रतिनिधियों के लिए आज शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित होगा। जिला उपायुक्त अनुपम कश्यप ने जिले की सभी पंचायत समितियों के नव–निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाने के लिए पीठासीन अधिकारियों की नियुक्ति कर दी है, जबकि जिला परिषद शिमला के नवनिर्वाचित सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह उपायुक्त कार्यालय परिसर स्थित बचत भवन में होगा। जिला की 13 पंचायत समितियों चौपाल, ननखड़ी, रामपुर, रोहड़ू, ठियोग, जुब्बल, कोटखाई, कुपवी, बसंतपुर, मशोबरा, ननखड़ी, छोहारा और टुटू में संबंधित एसडीएम एवं तहसीलदारों को पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया है। इन अधिकारियों की निगरानी में नव–निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई जाएगी।

--------------------------------------------------------------------

**जनगणना–2026**

देश सहित प्रदेशभर में जनगणना–2026 का कार्य जारी है। जनगणना को अधिक स्टीक व पारदर्शी बनाने के लिए डिजिटल तकनीक का व्यापक उपयोग किया जा रहा है। हमारे ऊना जिला संवाददाता ने बताया कि ऊना जिले में भी जिला प्रशासन द्वारा जनगणना को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

--------------------------------------------------------------------

**वाईब्रेंट विलेज**

लाहौल स्पीति जिला के काजा में आज से विकसित भारत वाईब्रेंट विलेज कार्यक्रम शुरू हो गया है। हमारे लाहौल स्पीति जिला संवाददाता ने बताया कि इसमें देश के विभिन्न राज्यों से लगभग 50 युवा भाग ले रहे हैं।

--------------------------------------------------------------------

**अनुराधा राणा**

लाहौल स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने मुख्यमंत्री से राजकीय महाविद्यालय कुकुमसेरी को बंद न करने की मांग की है। मुख्यमंत्री को लिखे एक पत्र में उन्होंने कहा है कि ये कॉलेज लाहौल घाटी का एकमात्र उच्च शिक्षण संस्थान है और इसके बंद होने से विशेषकर छात्राओं व आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के विद्यार्थियों को भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ेगा। इस बीच मुख्यमंत्री

सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इस संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश जारी करते हुए कॉलेज को बंद करने संबंधी अधिसूचना को जल्द रद्द करने का आश्वासन दिया है।

---

**अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....**

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला ने प्रदेश उच्च न्यायालय के हवाले से खबर दी है **हिम केयर योजना में निजी अस्पतालों का भुगतान रोकने के फैसले पर रोक–कोर्ट ने कहा–विजिलेंस जांच का हवाला देकर राशि रोकना आदेश का उल्लंघन।**

पंजाब केसरी और दिव्य हिमाचल ने मुख्यमंत्री के बयान को लगभग एक जैसा शीर्षक दिया है **चिट्टा तस्कर नहीं सुधरे तो मिट्टी में मिला देंगे।**

दैनिक भास्कर की एक खबर है **पंचायत जन प्रतिनिधियों की शपथ व ट्रेनिंग को पंचायतीराज विभाग ने मांगे 13 करोड़, मिले तीन करोड़।**

**पूर्व सीएस की शिकायत पर रेरा के पूर्व चेयरमैन पर एफआईआर** दैनिक जागरण की एक खबर है।

---

**''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''**

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–ईमानदारी व पारदर्शिता के साथ जनता की सेवा कर रही है राज्य सरकार।

- मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सभी नागरिकों से लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त बनाने और चुनावों में उत्साहपूर्वक भाग लेने का किया आह्वान।

- प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक आज शिमला में–लिए जा सकते हैं कई महत्वपूर्ण निर्णय।

- राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने शिवा परियोजना के तहत 5 सौ 86 हैक्टेयर क्षेत्र की पहचान कर 10 जून से पहले कार्य पूरा करने के अधिकारियों को दिए निर्देश।

- लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने पंजाब में हिमाचल के वाहनों से वसूले जा रहे खालसा टैक्स को गलत बताया।

---